मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः13.01.2026

थाना कछवां पुलिस टीम द्वारा 16 गुम/खोये हुए मोबाइल फोन को सुरक्षित बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को किया गया सुपुर्द —

"सोमेन बर्मा" पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व थाना कछवां पुलिस द्वारा खोये हुए 16 मोबाइल फोन को बरामद कर उसके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। खोये हुए मोबाइल फोन सकुशल मिलने पर उनके स्वामियों द्वारा थाना कछवां पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस उच्चाधिकारी एवं थाना कछवां पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए धन्यावद दिया गया।

मोबाइल गुम होने पर सबसे पहले नजदीकी पुलिस थानें पर शिकायत दर्ज करवायें अथवा प्ले स्टोर से UPCOP एप डाउनलोड कर e-FIR पंजीकृत करें। खोये हुए मोबाइल में लगे सिम को बन्द करवा कर, उसी नम्बर से नया सिम निकलवाएं। गूगल पर CEIR पोर्टल (संचार साथी) पर जाकर गुम/खोये हुए मोबाइल फोन का विवरण, खरीद का बिल और मोबाइल जहां गुम/खोया है स्थान का नाम(थाना व जनपद इत्यादि सहित), मोबाइल धारक का विवरण भरें। CEIR पोर्टल(संचार साथी) मोबाइल गुम अथवा चोरी होने पर IMEI को ब्लॉक कर देता है।

थाना कछवां पुलिस टीम —

प्रभारी निरीक्षक-अमरजीत चौहान

व0उ0नि0-धर्मेन्द्र कुमार

आ0नितेश सिंह मय टीम

****